Title: Need to solve acute water problem in Jalesar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

प्रो. एस.पी.सिंह बघेल (जलेसर): महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान जलेसर, उत्तर प्रदेश लोक सभा क्षेत्र के उन गांवों की ओर दिलाना चाहूंगा, जहां दूषित जल जमीन के अन्दर होने के कारण उसे पीने से गम्भीर बीमारियां हो रही हैं। जलेसर लोक सभा के एटा जिले की जलेसर तहसील के गांव महापुर, ऐरई, नगलापार, सिकन्दरपुर, कुतुकपुर, रजापुर, चिलासनी, रामगढ़, उम्मरगढ़ तथा नगलावंशी नागला नौजी इन गांवों के भूगर्भ जल में खनिज अयस्क रसायन आदि का बे अनुपात है, हार्ड तथा बहुत कड़वा पानी है। फ्लोराइड अधिक होने के कारण 35-40 वर्ा की उम्र में दांत गिर जाते हैं तथा दिन में 4-5 बार शौच के लिए जाना पड़ता है। इस पानी को पीने से चिड़िया आदि मर भी जाती हैं। पशुओं को भी पीने के पानी की कमी होने के कारण अन्यत्र भेजना पड़ता है। कुछ गांव में दुषित जल पीने से कुबड़े भी हो जाते हैं। यदि मीठे एवं शुद्ध जल का स्रोत केन्द्रीय भूगर्भ जल सर्वेक्षण द्वारा ढूंढकर वहां पानी की टंकी बनाकर वाटर सप्लाई किया जाए, तो जनता को राहत मिलेगी।